Seat No. : ______________

# NM-128 (H)

**November-2025**

**B.Com., Sem.-III (NEP)**

**DSC-C-ACC-231 : Accountancy**

**(Cost Accounting-I)**

**Time : 2:00 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

1. लागत लेखांकन का अर्थ स्पष्ट कीजिए । लागत लेखांकन के लाभों और सीमाओं पर चर्चा कीजिए । **10**

अथवा

1. निम्नलिखित विवरण से गणना करें : **10**

(1) आर्थिक आदेश मात्रा (2) ऑर्डर स्तर (3) न्यूनतम स्तर (4) अधिकतम स्तर (5) औसत स्टॉक स्तर

(1) सामग्री की वार्षिक खपत 18000 इकाइयाँ
(2) प्रति इकाई लागत ₹ 40
(3) ऑर्डर देने की लागत ₹ 200
(4) भंडारण वहन शुल्क 25%
(5) सामग्री प्राप्त करने के लिए अधिकतम समय 45 दिन
(6) सामग्री प्राप्त करने के लिए औसत समय 35 दिन
(7) सामग्री प्राप्त करे से लिए न्यूनतम समय कितने दिन (?)
(8) तत्काल खरीद के लिए अधिकतम समय 5 दिन
(9) अधिकतम दैनिक खपत 30 इकाइयाँ
(10) न्यूनतम दैनिक खपत 20 इकाइयाँ
(11) औसत दैनिक खपत कितनी इकाईयाँ (?)

2. एक मजदूर को एक काम 24 घंटे में पूरा करने की अनुमति दी गई है, लेकिन वह काम को 18 घंटे में पूरा कर लेता है । प्रति घंटे श्रम दर ₹ 40 है । यदि सामग्री की लागत ₹ 160 है और फैक्ट्री परोक्ष खर्च की वसूली कुल प्रत्यक्ष मजदूरी के 150% पर होती है **10**

निम्नलिखित मजदूरी (वेतन) विधियों के अनुसार कारखाना लागत की गणना करें :

(1) हेल्सी वेतन योजना
(2) रोवन योजना
(3) कार्य वेतन प्रणाली

अथवा

2. एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें : **10**

(1) प्रत्यक्ष श्रम (मजदूरी) और अप्रत्यक्ष श्रम
(2) श्रमिक परिवर्तन दर

3. राम लिमिटेड के कारखाने में तीन उत्पादन विभाग A, B और C तथा एक सेवा विभाग D है । इसके बहीखातों से निम्नलिखित आँकड़े उपलब्ध हैं : **10**

| विवरण | ₹ | विवरण | ₹ |
|---|---|---|---|
| कारखाने का किराया | 1,50,000 | मशीनरी का मूल्यह्रास | 9,000 |
| पर्यवेक्षक का वेतन | 72,000 | श्रमिक कल्याण व्यय | 4,200 |
| कारखाने की लाइटिंग | 60,000 | | |

अन्य जानकारियाँ इस प्रकार हैं :

| विवरण | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| प्रकाश बिंदुओं की संख्या | 16 | 8 | 12 | 4 |
| अधिग्रहीत स्थान (वर्ग फुट) | 600 | 400 | 500 | 500 |
| श्रमिकों की संख्या | 500 | 300 | 200 | 200 |
| पर्यवेक्षक के वेतन के आवंटन का अनुपात | 3 | 2 | 2 | 3 |
| मशीनों की कीमत (₹) | 50,000 | 30,000 | 70,000 | - |
| अप्रत्यक्ष मजदूरी (₹) | 33,530 | 17,410 | 29,860 | 12,000 |
| सेवा विभाग द्वारा प्रदान की गई सेवाएँ । | 40% | 30% | 30% | |

उपरोक्त जानकारी से सेवा विभाग 'D' के व्यय को उत्पादन विभाग A, B, C के बीच आवंटित करें ।

**अथवा**

3. एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें : **10**

(1) स्थिर व्यय, परिवर्तनीय व्यय और अर्ध–परिवर्तनीय व्यय

(2) गतिविधि आधारित लागत निर्धारण

4. कृषिव कंपनी लिमिटेड ने अपना सारा उत्पादन वर्ष 2025 के दौरान ₹ 9,60,000 में बेच दिया । कंपनी की प्रति इकाई लागत निम्नानुसार थी : **10**

| विवरण | प्रति इकाई लागत (₹) |
|---|---|
| प्रत्यक्ष सामग्री | 160 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 120 |
| प्रत्यक्ष व्यय | 40 |
| कारखाना उपरिव्यय :<br>स्थिर<br>परिवर्तनीय | <br>16<br>24 |
| कार्यालय उपरिव्यय (स्थिर) | 40 |
| बिक्री उपरिव्यय<br>स्थिर<br>परिवर्तनीय | <br>24<br>16 |
| कुल | 440 |
| लाभ | + 40 |
| बिक्री मूल्य | 480 |

कंपनी की वार्षिक उत्पादन क्षमता का 80% उत्पादन 2025 में किया गया । वर्ष 2026 के लिए अनुमान निम्नानुसार हैं :

(1) उत्पादन अपनी पूर्ण उत्पादन क्षमता पर होगा, जिसमें से 80% इकाइयाँ बेची जाएँगी ।

(2) सभी परिवर्तनीय व्ययों में 20% की वृद्धि होगी, जबकि सभी स्थिर उपरिव्ययों 25% की वृद्धि होगी ।

(3) लागत पर लाभ की दर पिछले वर्ष के समान ही बनी रहेगी ।

उपरोक्त जानकारी से वर्ष 2026 के लिए कुल लागत और अनुमानित लाभ का विवरण तैयार करें ।

**अथवा**

4. टेन्डर (अनुमानित लागत) क्या है ? काल्पनिक आँकड़ों के साथ समझाइए कि टेन्डर मूल्य कैसे निर्धारित किया जाता है । **10**

5. निम्नलिखित उप–प्रश्नों में एक से अधिक उत्तर दिए गए हैं, जिमने से केवल एक ही उत्तर सही है । सही उत्तर चुनिए : (कोई भी **10**) **10**

(1) रसायन उद्योग में किस विधि का प्रयोग किया जाता है ?

(A) प्रक्रिया लागत (B) परिचालन लागत

(C) कार्य लागत (D) इकाई लागत

(2) किस विधि में अंतिम खरीद का माल स्टॉक में रहता है ?

(A) LIFO विधि (B) FIFO विधि

(C) भारित औसत विधि (D) निश्चित मूल्य विधि

(3) किस विधि में समापन स्टॉक का मूल्यांकन उस मूल्य पर किया जाता है जो वर्तमान बाजार के लगभग निकट होता है ?

(A) LIFO विधि (B) FIFO विधि

(C) भारित औसत विधि (D) निश्चित मूल्य विधि

(4) हैल्सी विधि के अनुसार बोनस की गणना इस प्रकार की जाती है –

(A) समय मजदूरी का 20% (B) बचाए गए समय का 33%

(C) बचाए गए समय का 50% (D) इनमें से कोई नहीं

(5) दिन के दौरान श्रमिक के लिए अवकाश (रिसेस) का समय

(A) अनुत्पादक नहीं माना जाता है ।

(B) असामान्य अनुत्पादक समय है ।

(C) सामान्य अनुत्पादक समय है ।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

(6) निम्नलिखित में से किसे प्रोत्साहन वेतन प्रणाली नहीं माना जाता है ?

(A) रोवन वेतन योजना (B) हैल्सी वेतन योजना

(C) समय मजदूरी योजना (D) बोनस वेतन योजना

(7) सेवा विभाग के व्यय को उत्पादन विभागों आबंटित करने के लिए किस विधि का उपयोग किया जाता है ?

(A) न्यूनतम वर्ग विधि (B) तुलना विधि

(C) ग्राफिक प्रस्तुति विधि (D) प्रत्यक्ष विधि

(8) कौन सी विधि एक पुनरावृत्ति वितरण विधि भी है ?

(A) औसत विधि (B) ग्राफिक प्रस्तुति विधि

(C) अप्रत्यक्ष विधि (D) परीक्षण और त्रुटि विधि

(9) लागत लेखों में, डिलीवरी वैन व्यय _______ में शामिल हैं ।

(A) कारखाना लागत (B) प्रशासनिक लागत

(C) कार्यालय लागत (D) विक्रय लागत

(10) बिक्री की लागत ₹ 3,60,000 है, लाभ की राशि ₹ 40,000 है । बिक्री पर लाभ का प्रतिशत बताइए ।

(A) 11% (B) 10%

(C) 12% (D) 9%

(11) बिक्री ₹ 4,00,000 है, जब बिक्री पर 20% लाभ हो तो लाभ की राशि क्या होगी ?

(A) 40,000 (B) 50,000

(C) 60,000 (D) 80,000

(12) लागत लेखों में तेल, ग्रीस की लागत इसमें शामिल है –

(A) प्रत्यक्ष सामग्री (B) प्रत्यक्ष श्रम

(C) अप्रत्यक्ष श्रम (D) अप्रत्यक्ष सामग्री

---